## कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक WCDC सुकमा, जिला–सुकमा (छ.ग.)

Email – agrisukma82@gmail.com

क्रमांक / जलग्रहण / कृषि / 2024–25 / 2302 सुकमा, दिनांक 09 / 12 / 2024

### –: विज्ञापन :–

छत्तीसगढ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के अर्द्ध शासकीय पत्र क्रं./4711/दिनांक 06.11.2024 के द्वारा प्राप्त निर्देश के परिपालन में WDC-PMKSY-2.0 परियोजना के सफल संचालन हेतु निम्नांकित संविदा पदो के नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र. | विभाग का नाम | स्तर | पदनाम | अनारक्षित | | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | | अनुसूचित जाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मु | म. | पु. | भू. पू. सै | योग | मु. | म. | पु. | भू. पू. सै | योग | मु. | म. | पु. | भू. पू. सै | योग | मु | म. | पु. | भू. पू. सै | योग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 1 | कृषि | परियोजना | WDT सदस्य (लेखापाल सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| योग:– | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |

**न्यूनतम एवं वांछनीय अर्हता–**

**WDT सदस्य (लेखापाल सह डॉटा एन्ट्री ऑपरेटर)** 02 पद– वेतन मैट्रिक्स लेवल/वेतनमान (6/23350/–एकमुश्त मासिक संविदा वेतन)

**न्यूनतम –**

(a) मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा डिग्री। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 9–4/2005/1/3 दिनांक 07 जून 2007 में उल्लेखित संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।

**वांछनीय–**

(a) किसी भी संस्थान से टेली में न्यूनतम 6 माह का डिप्लोमा।

(b) किसी भी चार्टर्ड एकाउंटेंट (C.A.) से आर्टिकलसीप का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

**चयन प्रक्रिया :–**

1. प्राप्त आवेदन पत्रो का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार किया जावेगा
2. तैयार मेरिट सूची से रिक्त पदों के विरूद्व तीन गुना अभ्यर्थियो को मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।
3. मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा के उपरांत योग्य अभ्यर्थी का नियुक्ति आदेश संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

**चयन हेतु मेरिट अंक:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 70 |
| 2 | कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर | 15 |
| 3 | शासकीय अथवा शासकीय उपक्रमो के अधीन **समान वेतनमान** पर कार्य अनुभव | 15 |
| 4 | उक्त अनुभव के 15 अंक का विभाजन | |
| 5 | न्यूनतम 3 वर्ष तक का अनुभव | 5 |
| 6 | 5 वर्ष तक अनुभव | 10 |
| 7 | 5 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

ग्रेड से प्रतिशत की गणना नीचे दर्शाए अनुसार की जावेंगी।

| क्र. | ग्रेड | अंकित ग्रेड का निर्धारित अधिकतम प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | A | 90 प्रतिशत |
| 2 | B | 73 प्रतिशत |
| 3 | C | 58 प्रतिशत |
| 4 | D | 43 प्रतिशत |

**नियम व शर्ते :–**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदो पर होने वाला व्यय योजना से प्रतिपूर्ति योंग्य होगा। योजना समाप्त होन पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगें। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदो का व्यय भार वहन नही किया जावेगा।
2. विज्ञापित पदो के लिये योजना में निर्धारित मासिक संविदा वेतन के अलावा अन्य किसी प्रकार वेतन–भत्ते की पात्रता नही होगी।
3. नियुक्तियां प्रथमतः 01 वर्ष के लिए की जावेगी तथा कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अवधि बढाई जा सकेगी।
4. आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला सुकमा (छ.ग.) में प्राप्त होने के अंतिम तिथि **20.12.2024** को कार्यालयीन समय सायं **05.30** बजे तक है। समय–सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जावेगा। दो पासपोर्ट साईज के फोटो (एक आवेदन पत्र में लगा हो) एक लिफाफा जिसमें आवेदित पद का नाम एवं आवेदक का पूर्ण पता सहित पांच रूपये का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें। **शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, अनुभव,जाति,निवास प्रमाण पत्र स्वंय द्वारा सत्यापित प्रतियॉ संलग्न करें।**
5. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। ए–4 साईज पेपर में टॉईप किये गये आवेदन पर **उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबधंक WCDC,जिला–सुकमा छ.ग.** के नाम से प्रस्तुत करें, आवेदन का प्रारूप संलग्न है।
6. चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा। अभ्यर्थी छ.ग का मूल निवासी होना अनिवार्य है। जिसके लिए समक्ष प्राधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. आवेदन पत्र कार्यालय में उपस्थित हो कर एवं पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी स्वीकार होगें।
8. उपरोक्त संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाडा भत्ता इत्यादि नही दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नही होगी।
9. मासिक एकमुश्त राशि का निर्धारण वह होगा जो CGSWMA द्वारा समय–समय पर सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
10. योजनांतर्गत मैदानी स्तर हेतु उक्त पदो के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी।
11. छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था का ही अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा। विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेनत पर कब से कब तक कार्यरत रहा है।
12. **शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्था/निगम/मंडल में नियोजित हो तो नियोक्ता का अनुभव सह अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं नियोक्ताकर्ता सक्षम अधिकारी का नियुक्ति आदेश भी प्रस्तुत करें।**
13. न्यायालयीन प्रकरण/अपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र अनिवार्यः प्रस्तुत करें।
14. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी/मैट्रकुलेशन) जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, आरक्षित पदो हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

15. आवेदक अपनी अर्हता की स्वंय जॉच करें तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन भेजे। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।
16. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने एवं आवेदन पत्रो पर विचार करने /स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति संबंधी समस्त प्रक्रिया में **कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला सुकमा छ.ग. का अंतिम निर्णय मान्य होगा।**
17. विज्ञापन में दर्शित अर्हता/योग्यता/पात्रता इत्यादि में भिन्नता पाये जाने पर योजना में अंकित दिशा–निर्देश के अनुसार ही अंतिम रूप से मान्य होगा।
18. नियुक्ति की शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट www.sukma.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–सुकमा (छ.ग.)**

क्रमांक/जलग्रहण/कृषि/2024–25/2303 सुकमा, दिनांक 09/12/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC, जिला सुकमा (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सह उपाध्यक्ष WCDC जिला सुकमा (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला सुकमा छ.ग.की ओर दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
6. ज़िला सूचना अधिकारी, एँन.आई.सी. जिला सुकमा (छ.ग.) एंव जिला सुकमा के वेबसाईट में अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।
7. परियोजना अधिकारी, WDC-PMKSY2.0/1 कोन्टा की ओर सादर सूचनार्थ।
8. परियोजना अधिकारी, WDC-PMKSY2.0/2 छिन्दगढ की ओर सादर सूचनार्थ।
9. विज्ञापन का प्रारूप उक्त वेबसाईट के अलावा कार्यालय कलेक्टर/उप संचालक कृषि जिला सुकमा छ.ग. के सूचना पटल पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**जिला–सुकमा (छ.ग.)**